प्रेषक,

करूणेश कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ दिनांक 23 दिसम्बर, 2020***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुरेश कुमार पुत्र श्री भवानी सिंह, निवासी जनपद-ललितपुर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-16933/प्रोवेशन-3/फार्म-ए(एम-05.06.2020) दिनांक-03.07.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुरेश कुमार पुत्र श्री भवानी सिंह, मौ0 अथाईपुरा, थाना-महरौनी, जनपद-ललितपुर का निवासी है। दिनांक 06.07.2004 को गाय का गोबर फेंकने जा रही वादी की पुत्री रिंकी को रास्ते में रोंक लिया, बन्दी के पिता व भाई से शिकायत करने पर बंदी ने तमंचे से गोली मारकर रिंकी की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-74/2004 में भा0द0वि0 की धारा-302, 354 व 25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मा0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ललितपुर के आदेश दिनांक 20.02.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 24.05.2020 तक 15 वर्ष 10 माह **18** दिन की अपरिहार सजा तथा 19 वर्ष 06 माह 28 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 18.10.2019 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट की आख्यानुसार बन्दी द्वारा कम उम्र में संगीन घटना कारित की गयी है, अभियुक्त युवा है समयपूर्व रिहाई होने पर पुन: अपराध कारित करने की पूर्ण संभावना होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है तथा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी के द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड के सदस्यों का अभिमत है कि दिनांक 06.07.2004 को गाय का गोबर फेंकने जा रही वादी की पुत्री रिंकी को रास्ते में रोंक लिया। बन्दी के पिता व भाई से शिकायत करने पर तमंचे से गोली मारकर रिंकी की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी के भविष्य में अपराध करने का अवसर होने का अंकन जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता, जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी सुरेश कुमार पुत्र श्री भवानी सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति** नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी सुरेश कुमार (बन्दी संख्या-14618) पुत्र श्री भवानी सिंह, निवासी जनपद-ललितपुर के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति श्री राज्यपाल द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-573/2020/**717**(1)/22-2-2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।

3- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ।

4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

कृष्ण कुमार सिंह
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-573/2020/717/22-2-2020-17(305)/2020

दिनांक 23 दिसम्बर, 2020 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुरेश कुमार पुत्र श्री भवानी सिंह, मौ0 अथाईपुरा, थाना-महरौनी, जनपद-ललितपुर का निवासी है। दिनांक 06.07.2004 को गाय का गोबर फेंकने जा रही वादी की पुत्री रिंकी को रास्ते में रोंक लिया, बन्दी के पिता व भाई से शिकायत करने पर बंदी ने तमंचे से गोली मारकर रिंकी की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-74/2004 में भा0द0वि0 की धारा-302, 354 व 25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मा0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ललितपुर के आदेश दिनांक 20.02.2008 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया है। बन्दी द्वारा दिनांक 24.05.2020 तक 15 वर्ष 10 माह **18** दिन की अपरिहार सजा तथा 19 वर्ष 06 माह 28 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न समिति की बैठक दिनांक 18.10.2019 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट की आख्यानुसार बन्दी द्वारा कम उम्र में संगीन घटना कारित की गयी है, अभियुक्त युवा है समयपूर्व रिहाई होने पर पुन: अपराध कारित करने की पूर्ण संभावना होने का अंकन करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है तथा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी के द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त न होने की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड के सदस्यों का अभिमत है कि दिनांक 06.07.2004 को गाय का गोबर फेंकने जा रही वादी की पुत्री रिंकी को रास्ते में रोंक लिया। बन्दी के पिता व भाई से शिकायत करने पर तमंचे से गोली मारकर रिंकी की हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी के भविष्य में अपराध करने का अवसर होने का अंकन जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता, जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोवेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी सुरेश कुमार पुत्र श्री भवानी सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की **संस्तुति** नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बंदी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

करूणेश कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in